C) अभिकथन (A) सही है परन्तु कारण (R) सही नहीं है।

D) कारण (R) सही है परन्तु अभिकथन (A) सही नहीं है।

20. **अभिकथन (A):** मानसून भारतीय कृषि की रीढ़ था, परन्तु सिंचाई के कृत्रिम उपाय भी बनाने पड़े।

**कारण (R):** कुछ ऐसी फसलें भी थीं जिनके लिए अतिरिक्त पानी की जरूरत थी।

A. अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं और (R), (A) की सही व्याख्या करता है।

B. अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं परन्तु (R), (A) की सही व्याख्या नहीं करता है।

C. अभिकथन (A) सही है परन्तु कारण (R) सही नहीं है।

D. कारण (R) सही है परन्तु अभिकथन (A) सही नहीं है।

21. **अभिकथन (A):** संविधान के मसविदे में विषयों की तीन सूचियाँ बनाई गयी थीं: केंद्रीय सूची, राज्य सूची और समवर्ती सूची।

**कारण (R)** : समवर्ती सूची के अंतर्गत आने वाले विषयों पर केवल केन्द्र सरकार कानून बना सकती है।

A. अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं और (R), (A) की सही व्याख्या करता है।

B. अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं परन्तु (R), (A) की सही व्याख्या नहीं करता है।

C. अभिकथन (A) सही है परन्तु कारण (R) सही नहीं है।

D. कारण (R) सही है परन्तु अभिकथन (A) सही नहीं है।

**खण्ड - ब (लघु उत्तरीय प्रश्न)** 3x6=18

22. मनुस्मृति के अनुसार स्त्रीधन क्या था?
23. स्तूप क्यों बनाए जाते थे? चर्चा कीजिए।
24. इब्न बतूता द्वारा वर्णित भारतीय शहरों की मुख्य विशेषताओं का वर्णन कीजिए।
25. अकबर के काल में भूमि के विभाजन को स्पष्ट करें।
26. 'दामिन-इ-कोह' क्या थी? यह किस प्रकार अस्तित्व में आई?

**अथवा**

दानात्मक अभिलेख क्या हैं ?

27. उद्देश्य प्रस्ताव में किन आदर्शों पर जोर दिया गया था?

**अथवा**

विजयनगर की जल-आवश्यकताओं को किस प्रकार पूरा किया जाता था?

**खण्ड स (दीर्घ उत्तरीय प्रश्न)** 8x3=24

28. पुरातत्वविद् किस प्रकार अतीत का पुनर्निर्माण करते हैं।

**अथवा**

हड़प्पा सभ्यता के शहरी केंद्रों की अनूठी विशेषताओं का वर्णन करें।



Downloaded from www.cclchapter.com

3. 'मृच्छकटिकम्' नाटक का लेखक था-

(A) मनु (B) पाणिनि (C) शूद्रक (D) एकलव्य

4. बर्नियर किसके दरबार में चिकित्सक बनकर रहा?

(A) बाबर (B) दारा शिकोह (C) अकबर (D) औरंगज़ेब

5. यूनेस्को द्वारा हम्पी को विश्व विरासत में कब शामिल किया गया?

(A) 1960 ई० में (B) 1976 ई० में

(C) 1968 ई० में (D) 1986 ई० में

6. महात्मा गाँधी जी ने किन प्रस्तावों को 'असफल हो रहे बैंक का उत्तर तिथीय चैक' बताया।

(A) कैबिनेट मिशन प्रस्ताव को (B) वेवल प्रस्ताव को

(C) क्रिप्स प्रस्ताव को (D) सी•आर• प्रस्ताव को

7. महायान का संबंध किस धर्म से है?

(A) जैन धर्म (B) बौध धर्म

(C) शैव धर्म (D) वैष्णव धर्म

8. बाग डंका शाह के नाम से प्रसिद्ध था

(A) शाहमल (B) नाना साहब

(C) कुंवर सिंह (D) मौलवी अहमदुल्ला शाह

9. मोहनजोदड़ो का शाब्दिक अर्थ क्या है?

10. 'लिच्छिवी दौहित्र' कौन था?

11. "मैं देश की बालू से ही कॉंग्रेस से बड़ा आंदोलन खड़ा कर दूँगा "ये शब्द किसने कहे?

12. अल-बिरुनी की पुस्तक 'किताब-उल-हिंद' की भाषा कौन-सी है?

13. सूर्यास्त विधि से क्या तात्पर्य था?

14. 'बीजक' ....................की रचना है।

15. धर्म-ग्रंथों में विवाह के ....................प्रकार हैं।

16. जैन धर्म के अनुसार जन्म और पुनर्जन्म का चक्र....................के द्वारा निर्धारित होता है।

17. 'स्वराज पार्टी' का गठन ...............ने किया था।

18. सामान्य सेवा भर्ती अधिनियम ............... ई. में बनाया गया था।

(19-21) **निर्देश:** नीचे दो कथन दिए गए हैं, जिनमें एक को अभिकथन (A) और दूसरे को कारण (R) द्वारा अंकित किया गया है। इन दोनों कथनों को ध्यान से पढ़िए और नीचे दिए गए विकल्पों (a), (b), (c) एवं (d) में से उत्तर के रूप में सही विकल्प चुनिए।

19. **अभिकथन (A)** : वैष्णव परंपरा की जीवनियों में कबीर को जन्म से हिंदू कबीरदास बताया गया है।

**कारण (R)** : कबीर का पालन गरीब मुसलमान परिवार में हुआ, जो जुलाहे थे।

A) **अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं और (R), (A) की सही व्याख्या करता है।**

B) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं परन्तु (R), (A) की सही व्याख्या नहीं करता है।



Downloaded from www.cclchapter.com

Name of Student: ______________________ Roll no. ________

Pre-Board Assessment - January 2024

CLASS: 12

Subject: History

Time allowed: 3 hours Maximum Marks: 80

---

सामान्य निर्देशः

1. प्रश्न पत्र में पांच खंड शामिल हैं- अ, ब, स, द और ई। प्रश्न पत्र मे 34 प्रश्न हैं। सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।
2. खंड अ - प्रश्न संख्या 1-21 एक-एक अंक के बहुविकल्पीय प्रश्न, एक शब्दीय उत्तर वाले प्रश्न, रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए, अभिकथन-कारण सम्बन्धी प्रश्न हैं।
3. खंड ब - प्रश्न संख्या 22-27 लघु उत्तर प्रकार के प्रश्न हैं, जिनमें से प्रत्येक 3 अंक का है। इन प्रश्नों के उत्तर 60-80 शब्दों से अधिक नहीं होने चाहिए।
4. खंड स - प्रश्न संख्या 28-30 दीर्घ उत्तरीय प्रश्न हैं, जिनमें प्रत्येक 8 अंक का है। इन प्रश्नो का उत्तर 300-350 शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए।
5. खंड द - प्रश्न संख्या 31-33 तीन उप प्रश्नों के साथ स्रोत आधारित प्रश्न हैं और प्रत्येक 4 अंक का है।
6. खंड ई- प्रश्न संख्या 34 मानचित्र आधारित प्रश्न है, जिसके 5 अंक हैं।
7. प्रश्न पत्र में समग्र रूप से कोई विकल्प नहीं है। हालाँकि, कुछ प्रश्नों मे आंतरिक विकल्प प्रदान किया गया है। ऐसे प्रश्नों में से केवल एक विकल्प का ही प्रयास करना होता है।
9. इसके अतिरिक्त, जहां भी आवश्यक हो, प्रत्येक अनुभाग और प्रश्न के साथ अलग-अलग निर्देश दिए गए हैं।

1x21=21


**खण्ड अ (बहु विकल्पीय प्रश्नोतर)**

1. "सिंधुवासियों की सामाजिक प्रणाली मिश्र तथा बेबीलोन के लोगों की सामाजिक पणाली से कहीं श्रेष्ठ थी।"ये किसके शब्द हैं?
   - (A) एन०एन० घोष
   - (B) एस०आर० शर्मा
   - (C) आर०पी० त्रिपाठी
   - (D) वी०ए० स्मिथ

2. मैगस्थनीज चन्द्रगुप्त मौर्य के दरबार में रहा-
   - (A) 300 ई०पू० से 295 ई०पू० तक
   - (B) 302 ई०पू० से 298 ई०पू० तक
   - (C) 305 ई०पू० से 298 ई०पू० तक
   - (D) 302 ई०पू० से 297 ई०पू० तक



Downloaded from www.cclchapter.com



29. भक्ति आन्दोलन की प्रमुख विशेषताएँ क्या थीं? वर्णन करें।

**अथवा**

गुरु नानक देव जी कौन थे? इनके जीवन व शिक्षाओं पर प्रकाश डालें।

30. अवध में विद्रोह इतना व्यापक क्यों था? किसान, ताल्लुकदार और ज़मींदार उसमें क्यों शामिल हुए?

**अथवा**

सन् 1857 के विद्रोह के लिए उत्तरदायी राजनीतिक और धार्मिक कारणों का संक्षिप्त में वर्णन करें।

4x3=12

**खण्ड द (स्रोत आधारित प्रश्न)**

**दिए गए स्रोत को पढ़ें और निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दें:**

31. प्रभावती गुप्ता ने अपने अभिलेख में यह कहा है; प्रभावती ग्राम कुटुम्बिनों (गाँव के गृहस्थ और कृषक), ब्राह्मणों, और दंगुन गाँव के अन्य वासियों को आदेश देती है... "आपको ज्ञात हो कि कार्तिक शुक्ल पक्ष की द्वादशी तिथि को धार्मिक पुण्य प्राप्ति के लिए इस ग्राम को जल अर्पण के साथ आचार्य चनालस्वामी को दान किया गया है। आपको इनके सभी आदेशों का पालन करना चाहिए।

एक अग्रहार के लिए उपयुक्त निम्नलिखित रियायतों का निर्देश भी देती हूँ। इस गाँव में पुलिस या सैनिक प्रवेश नहीं करेंगे। दौरे पर आने वाले शासकीय अधिकारियों को यह गाँव घास देने और आसन में प्रयुक्त होने वाली जानवरों की खाल और कोयला देने के दायित्व से मुक्त हैं। साथ ही वे मदिरा खरीदने और नमक हेतु खुदाई करने के राजसी अधिकार को कार्यान्वित किए जाने से मुक्त हैं। इस गाँव को खनिज पदार्थ और खदिर वृक्ष के उत्पाद देने से भी छूट है। फूल और दूध देने से भी छूट है। इस गाँव का दान इसके भीतर की संपत्ति और बड़े-छोटे सभी करों सहित किया गया है।" इस राज्यादेश को 13वें राज्य वर्ष में लिखा गया है और इसे चक्रदास ने उत्कीर्ण किया है।

1. प्रभावती गुप्त कौन थीं? (1)
2. 'अग्रहार' का अर्थ स्पष्ट कीजिए। (1)
3. दगुन गाँव के लिए किन रियायतों का निर्देश दिया गया है? (2)

32. कृष्णदेव राय द्वारा बनवाए गए जलाशय के विषय में वर्णन मिलता है:

राजा ने एक जलाशय बनवाया... दो पहाड़ियों के मुख-विबर पर जिससे दोनों में से किसी पहाड़ी से आने वाला सारा जल वहाँ इकट्ठा हो, इसके अलावा जल 9 मील (लगभग 15 किमी) से भी अधिक की दूरी से पाइपों से आता है, जो बाहरी श्रृंखला के निचले हिस्से के साथ-साथ बनाए गए थे। यह जल एक झील से लाया जाता है जो छलकाव से खुद एक छोटी नदी में मिलती है। जलाशय में तीन विशाल स्तंभ बने हैं जिन पर खूबसूरती से चित्र उकेरे गए हैं; - ये ऊपरी भाग में कुछ पाइपों से जुड़े हुए हैं



Downloaded from www.cclchapter.com